# 10 जिलों में टेक्सटाइल पार्क बनेंगे, 40 हजार को मिलेगा रोजगार

## मुख्यमंत्री वस्त्र एवं परिधान पार्क योजना के तहत किए जाएंगे विकसित



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश को एक बार फिर टेक्सटाइल का गढ़ बनाने की कवायद शुरु हो गई है। इसके तहत प्रदेश के 10 जिलों में टेक्सटाइल पार्क को बजट में मंजूरी मिल गई है। ये पार्क निजी सेक्टर की साझेदारी से विकसित किए जाएंगे। इन पार्कों को मुख्यमंत्री वस्त्र एवं परिधान पार्क योजना के नाम से विकसित किया जाएगा। इसके लिए सरकार ने बजट में शुरुआती एक करोड़ रुपये का प्रावधान किया है।

इस संबंध में प्रमुख सचिव एमएसएमई और अवस्थापना व औद्योगिक विकास आलोक कुमार ने बताया कि टेक्सटाइल पार्क को को-डेवलपमेंट मॉडल के तहत दो तरह से विकसित किया जाएगा। पहला- निजी जमीन पर डेवलपर टेक्सटाइल पार्क बनाएंगे। इसके लिए उन्हें 25 करोड़ रुपये तक की सब्सिडी मिलेगी। वहीं दूसरा- प्रदेश की बंद मिलों या सरकारी जमीनों पर टेक्सटाइल पार्क का विकास किया जाएगा। ये जमीनें यूपीसीडा या यूपीएसआईसी की जगह निजी डेवलपर को सौंपी जाएगी। सरकारी जमीनों को एक रुपये के टोकन मनी पर दिया जाएगा। निजी डेवलपर द्वारा विकसित करने के बाद सरकार इसमें अपनी हिस्सेदारी तय करेगी। इसके लिए भी निविदाएं निकाली जाएंगी। जो डेवलपर सबसे ज्यादा हिस्सेदारी सरकार को देगा, उसे ही जमीन दी जाएगी।

**25**

**करोड़ रुपये की मिलेगी सब्सिडी**

**7000**

**करोड़ रुपये का आएगा निवेश**